

# मारपीट के आरोपियों पर कार्रवाई की मांग

## पीड़ितों के पक्ष में लोगों ने लगाई गुहार

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 20 जनवरी. पिपलानी थाना क्षेत्र के कल्पना नगर में संचालित मदरसे के सामने पार्किंग को लेकर तीन लोगों के साथ मारपीट के मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर लोग सड़कों पर उतरे.**

मंगलवार को पैदल मार्च करते हुए लोगों ने मदरसे के अवैध होने का आरोप लगाया. इसके साथ ही आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर उनका जुलूस निकालने की मांग की गई.



स्थानीय लोगों ने पीड़ितों के साथ हुई मारपीट में न्याय की गुहार पुलिस प्रशासन से लगाई. लोगों का कहना है कि जिन आरोपियों ने मदरसे के सामने पार्किंग को लेकर पीड़ितों के साथ मारपीट की. उनके खिलाफ जल्द से जल्द कड़ी कार्रवाई की जाए. पुलिस मदरसे के सामने पार्किंग में गाड़ी खड़ी करने पर मारपीट करने वाले आरोपियों की तलाश करने में जुटी है. पीड़ित विजय मिश्रा शुक्रवार को जब अपनी कार खड़ी कर रहे थे, तभी वहां खड़े आटो में बैठे तीन लोगों ने आटो हटाने के लिए विजय से पहले रुपए मांगे. रुपए देने से मना करने पर आरोपियों ने कार में विजय के साथ बैठे उनके भाई और महिला दोस्त के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी. वहीं पुलिस मामले की संवेदनशीलता के चलते सतर्क है.

> पीड़ितों ने पुलिस को बताया कि इस दौरान वहां की बस्ती के लोग भी इक्कठा हो गए. बस्ती के लोगों ने भी तीनों आरोपियों को स्पोर्ट करते हुए पीड़ितों पर लाठी-डंडे बरसाने शुरू कर दिए. पीड़ितों को बचाने के लिए किसी ने भी उनका सहयोग नहीं किया. मामले की शिकायत पुलिस में होने पर आरोपियों की पहचान वीडियो के आधार पर की जा रही है. पीडितों के पक्ष में स्थानीय लोगों ने पैदल मार्च निकालते हुए कार्रवाई की मांग की है.

# मजदूरों को फैक्ट्री में बंधक बनाने का आरोप

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 20 जनवरी. महाराष्ट्र में काम करने गए भोपाल के कुछ मजदूरों को फैक्ट्री में बंधक बनाने का मामला सामने आया है. पुलिस कमिश्नर कार्यालय में मामले की शिकायत की गई है. मामले में कार्रवाई शुरू कर दी गई है.**

जहांगीराबाद इलाके में रहने वाले दो मजदूर फैक्ट्री से भागने में सफल रहे. भोपाल अपने घर वापस आए मजदूरों ने पूरी घटना और अपनी आपबीती पुलिस और परिजनों को सुनाई है. करीब 5 मजदूरों के फैक्ट्री में फंसे होने का मामला संज्ञान में आया है. इन मजदूरों को कर्नाटक में काम देने का झांसा देकर महाराष्ट्र में एक फैक्ट्री में पहुंचाते हुए बंधक बनाया गया. कर्नाटक में काम दिलवाने का झांसा देकर भोपाल के रहने वाले युवकों को ले जाया गया. हाल ही में महाराष्ट्र के नांदेड़ से जान बचाकर भागे दो मजदूरों शमीम और विशाल ने इस पूरी घटना की जानकारी साझा की है.

फैक्ट्री में बंधक से आजाद हुए मजदूरों के मुताबिक एक खास गिरोह युवाओं को प्रलोभन देकर मुंबई ले जाता है. गिरोह का मुख्य एजेंट अभिषेक है, जो रेलवे स्टेशन और प्रमुख चौराहों पर उन मजदूरों को निशाना बनाता है, काम की तलाश में भटक रह होते हैं.अभिषेक मजदूरों से बात करते हुए उन्हें झांसे में लेता है.

> कर्नाटक जाने की बात कहकर उन्हें जानबूझकर महाराष्ट्र के नांदेड़ रोड स्थित एक तुअर दाल प्रोसेसिंग यूनिट में पहुंचाया गया. सभी को एक युवक ने महाराष्ट्र की एक फैक्ट्री में छोड़ा, जहां मजदूरों को बंधक बना लिया गया. पीड़ित शमीम और विशाल ने बताया कि वहां के हालात किसी जेल से भी बदतर हैं. मजदूरों के मोबाइल छीन लिए जाते हैं, जिससे कि वे किसी से संपर्क न कर सकें. दिन-रात काम कराने के बावजूद जब मजदूरों ने वेतन की मांग की, तो उन्हें लाठियों से पीटा गया. उन्होंने बताया कि मजदूरों को बताया जाता है वहां कि तुम्हें खरीदा गया है.

# नाबालिग के खिलाफ पुलिस ने की कार्रवाई

### वाहन चोरी करने का मामला

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 20 जनवरी. टीटी नगर थाना पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले एक नाबालिग आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है. पुलिस ने आरोपी के पास से एक दुपहिया वाहन और एक सवारी आटो जब्त किया है.**

फरियादी नरेश धोसले ने सोमवार देर रात को अपने वाहन चोरी की शिकायत दर्ज कराई. मामले को संज्ञान में लेते हुए पुलिस ने घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज निकलवाई. पुलिस को इस दौरान 45 बंगले के पास एक संदिग्ध नाबालिग लडका एक मोटरसायकल छोड कर भागने का प्रयास करते दिखा. नाबालिग ने पुलिस की पूछताछ में वाहन चोरी की वारदात स्वीकार की. पुलिस ने मौके पर आरोपी के पास मिले दोनों वाहनों को जब्त कर लिया.



## धारदार हथियार के साथ आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल.** ऐशबाग थाना पुलिस ने एक युवक को अवैध धारदार हथियार के साथ गिरफ्तार किया है. आरोपी को रायसेन रोड स्थित एक शादी हॉल के पास पकड़ा गया. आरोपी हथियार से हमला करने की फिराक में था, इससे पहले ही उसे गिरफ्तार किया गया. मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार को देर रात एफआरवी वाहन से क्षेत्र में रात्रि गश्त करते हुए आरोपी अयान खान (20) निवासी मोरारजी नगर को देखा गया. संदिग्ध अवस्था में घूम रहा आरोपी अयान पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा. घेराबंदी कर पुलिस ने उसे पकड़ा और तलाशी लेने पर उसके पास धारदार चाकू बरामद किया गया.



# भगत सिंह की प्रतिमा क्षतिग्रस्त

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 20 जनवरी. करोंद चौराहे के पास सबसे पुरानी शहीद भगत सिंह की प्रतिमा क्रेन से ठोकर लगने पर क्षतिग्रस्त हो गई. सूचना पर निशातपुरा, गांधीनगर और छोला पुलिस थाने से बल सोमवार- मंगलवार को देर रात मौके पर पहुँचा.**

क्षेत्र में मेट्रो का निर्माणाधीन कार्य संचालित है. करोंद चौराहे पर लगी भगत सिंह की प्रतिमा इस दौरान टूट गई. जब करोंद से सुभाष नगर मेट्रो का कार्य कर रही यू आर सी कंपनी की बड़ी क्रेन कार्य करने के लिए करोंद चौराहे से बैरसिया रोड पीपल चौराहे की ओर जा रही थी. इसी दौरान लंबी क्रेन में चौराहे के आसपास के बिजली व केबल के तार फंस गए. उन्हें क्रेन ऊपर नीचे कर हटाने के दौरान शहीद भगत सिंह प्रतिमा में ठोकर लग गई. इससे चौराहे के बीच लगी प्रतिमा टूट गयी. सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस बल पहुँचा और प्रतिमा को उठा कर साइड में किया गया. यह चौराहा भगत सिंह चौराहे के नाम भी जाना जाता है.

## गला दबाकर पत्नी की हत्या कर दी

**भोपाल.** छोला मंदिर थाना इलाके में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी. आरोपी से पुलिस की पूछताछ और जांच में सामने आया है कि उसने ने गला दबाकर अपनी पत्नी को मौत के घाट उतार दिया. आरोपी युवक की शादी 14 महीने पहले हुई थी. कंचन साहू की शादी करीब 14 महीने पहले हेमराज साहू के साथ हुई थी. हेमराज का मकान राधाकृष्ण कॉलोनी खेजड़ा में है. सोमवार की सुबह कंचन को बेसुध अवस्था में देखा गया. घटना की जानकारी पुलिस को दी गई. मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजते हुए मर्ग कायम कर जांच शुरू की. कंचन साहू के परिवार के लोगों ने कंचन की हत्या का आरोप हेमराज साहू पर लगाया. कंचन के भाई ने पुलिस को बताया कि हेमराज दहेज की मांग को लेकर आए दिन वह कंचन को परेशान कर रहा था. इसके चलते आए दिन पति- पत्नी के बीच विवाद होता था.

## बदमाश राजू ईरानी को मिली जमानत

**भोपाल.** जिला कोर्ट ने कुख्यात बदमाश राजू ईरानी की मंगलवार को ज़मानत मंजूर की. आगजनी मामले में राजू पर केस दर्ज था. मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने ज़मानत स्वीकार किया. शनिवार को भोपाल कोर्ट में राजू ईरानी की जमानत का आवेदन प्रस्तुत किया गया था. आगजनी के प्रकरण में लंबे समय से वह फरार था. राजू ईरानी की ओर से अधिवक्ता जफर राजा और नजर राजा ने जमानत की कार्रवाई की. अधिवक्ताओं ने कोर्ट के सामने दलील पेश करते हुए कहा कि दोनों पक्षों का आपस में समझौता हो चुका है. फिलहाल महाराष्ट्र पुलिस राजू ईरानी से पूछताछ के लिए उसे अपने साथ लेकर गई है.

# पेड़ काटकर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण

### ▸ग्रामवासियों ने कलेक्टर कार्यालय में की शिकायत

**भोपाल, 20 जनवरी. राजधानी की हुज़ूर तहसील के ग्राम पुराछिन्दवाड़ा में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किया जा रहा है.**

साथ ही वहां पर पेड़ों की अवैध कटाई की जा रही है. इस मामले की शिकायत ग्रामवासियों ने कलेक्टर कार्यालय में की है.

ग्रामीणों का कहना है कि जिस जमीन पर पेड़ों की अवैध कटाई हो रही है, वहां अतिक्रमण किया जा रहा है. ग्रामीणों ने शिकायत में बताया कि अतिक्रमण करने वाले वही लोग हैं जिन्होंने भूमि पर देव स्थान का नाम लेकर लीज पर आपत्ति की थी.

लेकिन स्वयं खनिज का उत्खनन करवा रहे हैं जो अवैध है. यही अतिक्रमणकारी वन व तालाब संरक्षक की दुहाई देकर प्रस्ताव में आपत्ति लगाए हुये हैं.



फाइल फोटो

### सरकार के अभियान को दे रहे हैं चुनौती

प्रदेश सरकार के द्वारा एक पेड़ मां के नाम से वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है, परन्तु कुछ लोग पूर्व से लगे पेड़ों को निजी लाभ के लिए अवैध रूप से काट रहे हैं. ग्रामीणों का कहना है कि जब तक मुरम, उत्खनन, लीज प्रकरण का निराकरण नहीं हो जाता तब तक अतिक्रमण और पेड़ों की कटाई पर रोक लगाई जाए.

# रेलवे कर्मचारी करेंगे पर्यटन स्थलों की सैर

## रेलवे की वेलफेयर सोसायटी ने मंजूर की राशि

**भोपाल, 20 जनवरी. वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ की मंगलवार को एक बैठक हुई. बैठक में रेल कारखाने और मुख्यालय के कर्मचारियों ने बच्चों की पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता सहित अन्य समस्याओं को संघ के महामंत्री के सामने रखा गया, जिसे सभी की जरूरतों को देखते हुए मंजूरी दी गई.**

रेल कर्मचारियों के परिजनों को मंडलवार पर्यटन स्थल भ्रमण के साथ ही बच्चों की पढ़ाई के लिए स्कालर्स, दिव्यांगों को उपकरण, दिव्यांग कर्मचारी, आश्रितों के लिए आर्थिक सहायता के लिए परेशान होते रहे थे. इस समस्या के प्रस्ताव को संघ की बैठक में रखा गया, जिससे मुख्यालय व कोटा-भोपाल कारखानों के कर्मचारी मंडल टूर और सैर सपाटा करने का अवसर मिल सके.

विचार के बाद समस्याओं को कर्मचारियों ने पदाधिकारियों के समक्ष रखा. इस पर विचार के बाद सकारात्मक निर्णय लिया गया. संघ के निर्णय के बाद अब कर्मचारियों के परिजन भ्रमण पर भी जा सकेंगे. इस निर्णय का कर्मचारियों ने स्वागत किया है.

> जिससे अब मंडल के भी अधिक कर्मचारी भ्रमण पर जा सकेंगे. इसके अलावा डब्ल्यूसीआर के जोन, मंडल एवं कारखानों में कार्य करने वाले कर्मचारियों के बच्चों को तकनीकी एवं व्यवसायिक शिक्षा स्कॉलरशिप के रूप में तीन करोड़, एमबीबीएस, आईआईटी, एनआईटी एवं ट्रिपल आईटी में चयनित बच्चों को लैपटॉप के लिए 1,20,000 रुपये, दिव्यांग कर्मचारी एवं आश्रित दिव्यांग बच्चों को आर्थिक सहायता नौ लाख रुपये, प्रत्येक दिव्यांग कर्मचारी एवं आश्रित को 28,56,000 रुपये, तीनों मंडलों को 5,00000 रुपये एवं दोनों कारखानों को 2,50,000 रुपये, जोन को 2,50,000 रुपये के अलावा करोड़ों की राशि स्वीकृत हुई है. बैठक में संयुक्त महामंत्री संदीप श्रोती, सतीश कुमार त्रिपाठी, हर्ष वर्मा, रोशन यादव, आर.ए. सिंह, संजय चौधरी, योगेन्द्र सिंह, भूपत सिंह, तरुण बत्रा, दुर्गा तिवारी, श्याम कला सक्सेना आदि मौजूद रहे.

**सफलता** ▸ पुलिस के समन्वित प्रयासों से हुआ संभव

# 29 लापता बच्चों को सकुशल ढूंढ निकाला

विशेष संवाददाता

**भोपाल,20 जनवरी. मध्य प्रदेश पुलिस ने बीते सात दिनों में राज्य के विभिन्न जिलों में लापता और अपहृत 29 नाबालिग बच्चों को सकुशल खोजकर परिजनों से मिलाने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है.**

समन्वित प्रयासों, त्वरित फील्ड एक्शन, तकनीकी एवं साइबर विश्लेषण के माध्यम से सभी बच्चों को विधिसम्मत प्रक्रिया पूरी कर उनके परिवारों के सुपुर्द किया गया. शिवपुरी जिले में पुलिस टीमों ने रन्नौद, सुभाषपुरा, इंदार, देहात, दिनारा एवं मगरौनी चौकी क्षेत्रों से जुड़े मामलों में सात नाबालिग बालिकाओं को सुरक्षित बरामद किया. इनमें से कुछ बालिकाओं को उत्तर प्रदेश के लखनऊ तथा राजस्थान के कोटा से भी खोज निकाला गया.

देवास जिले में पांच लापता नाबालिग बालिकाओं को 72 घंटे के भीतर बरामद कर परिजनों को सौंपा गया. इस दौरान परिजनों को काउंसलिंग दी गई और भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचाव को लेकर जागरूक किया गया. इसी प्रकार छतरपुर में तकनीकी निगरानी और रेलवे स्टेशनों पर समन्वित तलाश के जरिए चार नाबालिग बालिकाओं को 24 घंटे के भीतर खोज लिया गया. अशोकनगर में त्वरित कार्रवाई का उदाहरण सामने आया, जहां चंदेरी थाना पुलिस ने शिकायत मिलने के मात्र एक घंटे के भीतर 15 वर्षीय और चार वर्षीय बालिकाओं को सकुशल बरामद कर लिया. विदिशा में अलग-अलग मामलों में तीन नाबालिग बालिकाओं को दस्तयाब किया गया, जिनमें एक प्रकरण में आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया. वहीं छिंदवाड़ा में नवोदय विद्यालय से गुम हुए दो नाबालिग छात्रों को कुछ ही घंटों में खोज लिया गया.

> वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह सफलता सतर्क पुलिसिंग, साइबर मॉनिटरिंग, स्थानीय सूचना तंत्र और अंतर-जिला समन्वय का परिणाम है. यह कार्रवाई दर्शाती है कि मध्य प्रदेश पुलिस न केवल कानून-व्यवस्था की प्रहरी है, बल्कि मानवता और बच्चों की सुरक्षा के प्रति भी पूरी तरह प्रतिबद्ध है.


